उत्तराखंड में बर्फबारी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ **उत्तराखंड में सीज़न की पहली बर्फबारी हुई।**

- **मुख्य बिंदु:**
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने पहले **पश्चिमी विक्षोभ** के कारण आने वाले दिनों में तीन राज्यों के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की थी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)

- **इसकी स्थापना वर्ष 1875 में हुई थी।** यह देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा है और मौसम विज्ञान तथा संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
  - **यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की** एजेंसी के रूप में कार्य करती है।
- **इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।**
- **IMD विश्व मौसम विज्ञान संगठन के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है।**

पश्चिमी विक्षोभ

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department-IMD) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ ऐसे तूफान हैं जो **कैस्पियन या भूमध्य सागर** में उत्पन्न होते हैं तथा उत्तर-पश्चिम भारत में गैर-मानसूनी वर्षा के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।
- भूमध्य सागर में उत्पन्न होने वाले इस निम्न दबाव के क्षेत्र को 'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान' के रूप में चिह्नित किया जाता है, जो **उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक वर्षा, बर्फबारी एवं कोहरे के लिये ज़िम्मेदार हैं।**
- WD का अर्थ इसके नाम में ही निहित है।
  - **यह विक्षोभ 'पश्चिम' से 'पूर्व' दिशा की ओर आता है।**
  - ये उच्च ऊँचाई वाली पश्चिमी जेट धाराओं द्वारा पूर्व की ओर प्रवाहित होते हैं, तेज़वायु के साथ पश्चिम से पूर्व की ओर गमन करते हैं।
- **विक्षोभ का तात्पर्य 'विक्षुब्ध' क्षेत्र या कम हवा वाले दबाव क्षेत्र से है।**
- किसी क्षेत्र की वायु अपने दाब को सामान्य करने का प्रयास करती है, जिसके कारण प्रकृति में संतुलन विद्यमान रहता है।
- **"'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान"** में तूफान का तात्पर्य कम दबाव से है। **"बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय" का अर्थ उष्णकटिबंधीय क्षेत्र के बाहर** से है। चूँकि WD उष्णकटिबंधीय क्षेत्र के बाहर उत्पन्न होता है, इसलिये "'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय" शब्द उनके साथ जुड़ा हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-receive-fresh-snowfall